Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-08-2022 | अंक 321

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### बरही पुलिस ने वारंट अभियुक्त को भेजा जेल



बरही पुलिस ने न्यायिक दंडाधिकारी हजारीबाग के न्यायलय से निर्गत स्थाई वारेंट के आलोक में इशाक मियां उम्र 55 वर्ष एवं सलीम मियां उम्र 59 वर्ष दोनो पिता अली मियां गुड़ियों थाना बरही निवासी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। साथ ही बरही थाना में कांड संख्या 306/020, धारा 272/273/290 भा0 दा0 वि0 47 उत्पाद शुल्क अधिनियम से निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के आलोक में उक्त कांड के प्राथमिकी अभियुक्त टिंकू केशरी उम्र 32 वर्ष पिता प्रकाश प्रसाद केशरी पटना रोड बरही निवासी ।। गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।

# पोस्टमार्टम हाउस एवं ब्लड बैंक को चालू कराने की मांग को लेकर सीएस से मिला पूर्व विधायक के साथ एक शिष्टमंडल

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द चालू हो पोस्टमार्टम हाउस एवं ब्लड बैंक की सुविधा: मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बंरही अनुमंडलीय अस्पताल में नव निर्मित पोस्टमार्टम हाउस एव ब्लड बैंक यूनिट चालू कराने की मांग को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल सीएस डॉ एसपी सिंह से मिला। शिष्टमंडल ने सीएस को पोस्टमार्टम हाउस एवं ब्लड यूनिट की जरूरत से अवगत कराया। बताया कि बरही अनुमंडल हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम हाउस एंव ब्लड स्टोरेज यूनिट पुरे उपकरण सहित उपलब्ध है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही या अनदेखी के कारण चालू नही कराया जा रहा है। पूर्व विधायक मनोज यादव एवं जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने सीएस से पोस्टमार्टम हाउस व ब्लड स्टोरेज यूनिट चालू कराने का अनुरोध करते हुए कहा कि बरही अनुमंडल हॉस्पिटल ऐसे जगह चौराहे पर अवस्थित है, जँहा से पुरे देश के शहरों को को जोड़ता हैस। आवागमन आवागमन और भीड़- भाड़ अधिक होने के कारण घटना दुर्घटना होते रहता है। ब्लड स्टोरेज यूनिट चालू रहने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा पोस्टमार्टम हाउस सुचारु रूप से संचालन होने पर आकस्मिक घटना से किसी जान जाने पर परिजनों को पोस्टमार्टम हेतु हज़ारीबाग लाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । सिविल सर्जन डॉ एसस.पी.सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्याओ को शीघ्र निष्पादन कराने का भरोसा दिया ।शिष्टमंडल में जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कैलाश ठाकुर, गणेश साव, नन्द किशोर साव, गीतेश कुमार, नरेश यादव, मिथलेश चंद्रवंशी आदि लोग मौजूद थे ।



सीएस से वार्ता करते मनोज यादव एवं अन्य

# धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने किया कोचिंग संस्थान का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड अंतर्गत करियातपुर पंचायत में स्थित भारती नर्सिंग होम के नजदीक द गाइड इंस्टिट्यूट का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में करियातपुर मुखिया मनोज कुमार शामिल हुए। संस्थान का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्कूल और कोचिंग की व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिले। वहीं बच्चों को उन्नत शिक्षा मिल सके। वर्तमान समय में शिक्षा भी बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वह बच्चों को जहां भी पढाएं, उनकी दिनचर्या जरूर देखें। मौके पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, संच. ालक अंकित कुमार, संतोष कुमार, महेन्द्र रविदास, मुरली मनोहर प्रसाद, सकलदेव यादव, राजेश विश्वास, सरफराज, साजन कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार, रवि कुमार, रोशन कुमार, उदय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ब्रह्मा विद्या विहंगम योग ने किया सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन चंद्र मोहन मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे ओमकार ध्वनि सामूहिक, स्वगतगान एवं उद्घोष सिकंदर सिंह, मंगलगान सुनीता देवी, माल्यार्पण सामूहिक, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, ज्ञानगुदडी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, प्रवचन डॉ महेश प्रसाद के द्वारा सम्पन्न किया गया। मौके पर डॉ महेश प्रसाद, कृष्णा कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन मिश्रा, सिकंदर सिंह, अंजू देवी, अनमोल राणा, जितेंद्र प्रसाद सिंह, पूनम देवी, कैलाश केशरी, यशोदा देवी, पूनम यादव, राजदेव सिंह, शकुंतला देवी, पप्पू राम, रवींद्र सिंह एवं नागेश्वर प्रसाद केशरी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के दिवंगत पिता के शोक संतप्त परिजनों से मिले जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शोक संतप्त परिजनो से मिलते अवधेश सिंह

हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह सोमवार को बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के दिवंगत पिता देवकी सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया । श्री सिंह पीड़ित परिवार से भेंट करते समय अत्यंत भावुक दिखे, उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। ज्ञात हो की कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के पिता 93 वर्षीय स्वर्गीय देवकी सिंह का बीते 17 अगस्त 2022 को बरही स्थित आवास पर आकस्मिक निधन हो गया था। जिनका अंतिम अग्नि संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया था। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य विरेंद्र कुमार सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, जिला महासचिव विनोद यादव एवं ओमप्रकाश झा मुख्य रूप से मौजूद थे।

APEM LIVE

# तिलेश्वर साहू सेना ने कुटुंबा में किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

## पढ़ाई के साथ – साथ खेल भी जरूरी : अरुण साहू



फुटबॉल किट वितरण करते अरुण साहू



फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के कुटुंबा में तिलेश्वर साहू सेना के द्वारा फुटब०ल टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष सह युवा नेता अरुण साहू शामिल हुए। फूटब०ल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरुण साहू ने फीता काटकर किया। उद्घाटन का पहला मैच कुटुंबा और बसरिया टोला के बीच खेला गया। जिसमे कुटुंबा ने बसरिया टोला को एक गोल से पराजित किया। वहीं मुख्य अतिथि अरुण साहू ने दोनो टीमों को फुटबॉल किट देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मंच को संबोधित करते हुए खेल से होने वाली लाभ को बताते हुए कहा की जीवन में खेल कूद भी उतना ही महत्व है, जितना की पढ़ाई – लिखाई का। खेल कूद न केवल छात्रों का मनोरंजन करते है अपितु उनके स्वास्थ्य को भी उत्तम बनाते है। यदि बच्चे प्रसन्न और स्वस्थ रहेंगे तो पढ़ाई लिखाई की और भी ध्यान देंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष राजवार, प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, प्रखंड सचिव मनोज पासवान, बालेश्वर सिंह, सुरेश माली, अशोक हंसदा, मुन्ना सोरेन, सूरज मुर्मू, सोहन भगत, गुलाब रजवार, वीरेंद्र मुर्मू, राजकुमार सिंह, राजेश कुमार कुशवाहा, सोनू रविदास, नंदलता रजवार, दामोदर शर्मा, दिनेश्वर ठाकुर, सुभाष चंद्रवंशी, प्रयाग साहू, बुलाकी, रोहित चंद्रवंशी, विनोद रविदास, चमारी ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी बबलू साहू मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दो दिनों से लापता युवक का शव कुएं से मिला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के करगालो पंचायत के ज्ञानगढ़ा स्थित एक कुएं से सोमवार की सुबह युवक का शव बरामद किया गया। शव की पहचान सिरैय पंचायत अंतर्गत बोरागढ़ा गांव निवासी सतीश कुमार मेहता उर्फ छोटू (18) पिता दिलीप कुमार मेहता के रूप में की गई। बताया जाता है कि युवक बीते शनिवार की शाम से लापता था। अंतिम बार उसे उसी रात को करगालो पंचायत के ज्ञानगढ़ा में देखा गया था। लापता होने के बाद परिजन उसकी खोजबीन में लगे थे। रविवार को खोजबीन के क्रम में उसका फुलपैंट, चप्पल तथा मोबाइल फोन करगालो के एक मकई खेत में फेंका हुआ मिला। उस समय भी आसपास काफी खोजबीन हुई पर युवक का कहीं पता नहीं चल सका। इसी बीच सोमवार की सुबह उसी मकई खेत के पास स्थित एक कुएं से उसका शव मिलने की सूचना परिजनों को मिली। युवक के घर से घटनास्थल करीब दो किमी दूर है। सूचना पर परिजन समेत बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे और मृतक की पहचान की। पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एचएमसीएच भेज दिया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को कुएं में डालने की आशंका जताई है। फिलहाल थाना में मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिप सदस्य शेख तैयब ने इसकी उचित छानबीन कर संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## महुआबाद में पूर्व विधायक व प्रमुख ने फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

### फुटबॉल खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बसरिया पंचायत के महुआबाद ग्रीन स्टेडियम में फुटबॉल का शुभारंभ हुवा। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, जिला परिषद आरती कौशल आदि ने सामूहिक रूप से फीता काटकर व फुटबॉल किक मारकर किया। इससे पहले अतिथियो ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना से खेलने व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को कहा। उदघाटन मुकाबला ढाब बनाम टोईया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में ढाब की टीम ने पेनाल्टी शुटआउट में टोईया टीम को 4 – 3 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरा मुकाबला गोविंदपुर बनाम खांडी के बीच खेला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि फुटब०ल खेल से खिलाड़ियो में मानसिक व शारीरिक विकास होता है। कहा खेल में हार जीत लगा रहता है। जीतता वही है जो हारता है। कहा खेल के माध्यम से आप अपना कैरियर बनावे। कार्यक्रम का सम्बोधिन प्रमुख पूर्णिमा देवी, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, राजेन्द्र चनद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, करमा मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, कृष्णा यादव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अरविंद साव, सचिव बिनोद साव, कोषाध्यक्ष सुधीर साव, उप सचिव चंदन पासवान, आयोजक विजय साव, सुनील पासवान, सोहन साव, पिन्टू साव सक्रिय सदस्य मनोज साव, दीपक साव, बसंत साव, गोविंद साव, आशीष विश्वाश, नकुल साव, रामेश्वर पासवान, बिनय साव, रामदेव साव, प्रभु साव, तापेश्वर साव, इंद्रदेव साव आदि महती भूमिका निभा रहे है । मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, विकास रजक, पूर्व मुखिया नरेश पासवान संजय सिन्हा, सुधीर कौशल, कपिल यादव, पिन्टू सोनी, मधु यादव, संजय यादव, भोला यादव, भुनेश्वर साव, चांद भुइया आदि।

## सहायक अध्यापको ने दी शहीद मुनेश्वर सिंह एवं अन्य शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### वेतनमान की मांग को लेकर फिर होगा आंदोलन : संजय दुबे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


शहादत दिवस मनाते सहायक अध्यापक

एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राज्य के सभी प्रखंडो के साथ बरही प्रखंड के अब्दुल कलाम पार्क में शहीद पारा शिक्षक मुनेश्वर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके शहादत दिवस मनाया गया । इस अवसर पर इन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । ज्ञात हो कि विगत 2007 में 22 अगस्त को ही रांची की धरती पर आंदोलन के क्रम में पुलिस की लाठीके मार से मुनेश्वर सिंह शहीद हो गए थे। तब से लेकर लगातार सभी सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रत्येक वर्ष इस दिन को शहादत दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। साथ ही साथ इसी क्रम में 2018 के आंदोलन में अन्य साथी जो शहीद हुए थे । उन्हें भी प्रखंड कमेटी की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि सभी सहायक अध्यापक यह संकल्प ले की जब तक राज्य के सभी सहायक अध्यापक को वेतनमान तथा अन्य मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा । प्रखंड सचिव मनोज घोष ने कहा कि सरकार शिक्षकों को केवल पढ़ाने का कार्य दे । अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षक को दूर रखें । ताकि विद्यालय में रहकर नौनिहालों को अच्छी पढ़ाई दे कर उनका जीवन संवार सकें। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ,प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ , प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष, सीआरसी अध्यक्ष रामेश्वर कुमार, रंजीत,दीपक यादव, संजय यादव, कोषाध्यक्ष सनोवर , संतोष कुमार, प्रकाश यादव ,सुभाष यादव, कलीम अंसारी, राजकुमार,मोहम्मद इरशाद ,ब्रह्मदेव पासवान, सरिता कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी , बैजंती देवी, कुमारी विनीता, आशा कुमारी, नंदलाल राणा, लालू उरांव, सुखदेव यादव, ऋषिकेश कुमार सिंह , मनोज ठाकुर, आशा कुमारी ,सोनामती कुमारी, अनिल केसरी, प्रेम लाल यादव ,सुलेमान , मोहम्मद आफताब, कृष्णदेव तूरी, दशरथ यादव, संतोष यादव, दिनेश रविदास, दिनेश यादव, सुमन कुमारी आदि सैकड़ों शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव का पोकलेन मशीन जलाने का प्रयास, तीन लाख का नुकसान

### एनएच 31 सड़क निर्माण में लगा था पोकलेन, मौके पर पहुंची पुलिस, जांच जारी


जला भाग


घटना स्थल पर मौजूद लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एन एच 31 सड़क चौड़ीकरण में हज़ारीबाग़ जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव की लगी पोकलेन मशीन को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जलाने का प्रयास किया गया। घटना सोमवार रात्रि डेढ़ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक किशुन यादव की पोकलेन मशीन आर के एस कम्पनी के द्वारा कराई जा रही सड़क चौड़ीकरण कार्य मे लगाई गई थी। रात में ऑपरेटर घर चला गया था।। हेल्फर मशीन से कुछ दूरी पर सोया था। रात्रि लगभग डेढ़ बजे सड़क निर्माण करा रही पेटी ठीकेदार के एक कर्मी उदय मेहता रात में शौच के लिए उठा तो उन्होंने देखा कि पोकलेन मशीन जल रहा है। उन्होंने तुरंत सभी को उठाया और आग को बुझाया। जिसके कारण आंशिक क्षति हुई। सूचना मिलने पर किशुन यादव अहले सुबह अपने समर्थकों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इंस्पेक्टर ललित कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचकर पूछ ताछ की। घटना स्थल पर माचिस एवं एक बोतल पाया गया । उसी बोतल में पेट्रोल लाकर तिरपाल के सहारे जलाने का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी पुनि ललित कुमार ने घटना स्थल पर मौजूद मुंशी एवं अन्य कर्मियों से भी पूछताछ की। किशुन यादव ने बताया कि उन्हें टारगेट कर आर्थिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर प्रशासन को ध्यान देनी चाहिए। दोषियों की शिनाख्त अविलम्ब हो। ताकि उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई किया जा सके। कहा कि जलाने के कारण वायरिंग सिस्टम पूरा जल गया है। इसके अलावा कई आंतरिक कल पुर्जे भी जल गया है। जिससे लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है। ऐसा लगता है कि मेरी बढ़ती राजनीतिक कद को कुछ लोग हजम नही कर पा रहे हैं। जिसके कारण इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर रमेश ठाकुर, कपिल प्रसाद केशरी, अशोक यादव, सुरेंद्र यादव, युगल यादव, बालेश्वर यादव, रितेश गुप्ता, ब्रह्मदेव यादव, लक्ष्मण भेंगरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## तिरंगे का हो रहा अपमान, नही किसी का इस ओर धयान

### कही तिरंगा फटा, तो कही झुक गया है तिरँगा, आज भी छतों पर लटका है तिरँगा





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

तरँगा हमारी आन बान शान और तिरँगा ही हमारी पहचान है। इस ति. रंगे के सम्मान में कितने वीर शहीद हो गए। आज़ादी के 75वे वर्ष के जश्न में पीएम मोदी की आह्वाहन पर बीते 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आज़ादी का अमृत महोत्सव बनाया गया। बड़े उत्साह से लोगों ने तिरंगे के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर हर घर तिरँगा अभियान को सफल बनाया। लोगों ने इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए अपने घरों में शान से तिरँगा फहराया। लेकिन आज़ादी के अमृत महोत्सव के समाप्ती के बाद भी चौपारण प्रखण्ड के कई घरों में तिरँगा छत पर टँगा हुवा है। जिस ति. रंगे को सम्मान देने के लिए छतों पर लगाया गया था कुछ लोगों ने तिरँगा को उतार के सुरक्षित घरों में रख दिया लेकिन ज्यादातर घरों में आज भी तिरंगा लटका हुवा है। कही तिरँगा फट गया है तो कही तिरँगा झुक गया है। तिरँगा झंडा भी अब अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा होगा कि कही हम अब हर घर का शोभा बनकर न रह जाएं। इस ओर न किसी का नजर है न पुलिस प्रशासन की तरह से कोई पहल किया गया कि तिरंगे को सुरक्षित घरों से उतारा जाए। आप समस्त प्रखण्ड वासियो से अपील करता है कि आजादी का अमृत महोत्सव समाप्त हो चुका है, आप सब तिरंगे का सम्मान करते हुए अपने घर के छतों पर लगे तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतारकर सुरक्षित तरीके से अपने घरों में रखें, ताकि तिरंगे का सम्मान बचा रहे।

**तिरंगे का सम्मान करें, सुरक्षित अपने घरों में रख दे : थाना प्रभारी**

चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने प्रखण्ड वासियो से अपील किया कि तिरंगे का सम्मान करते हुए सुरक्षित तरीके से अपने घरों में रखे। तिरँगा फटे नही, जमीन पर गिरे नही, झंडा झुके नही इसका ख्याल रखे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## महिला कांग्रेस ने 15 अगस्त को लगे राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतारा

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा के आदेश पर एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह के निर्देश पर प्रदेश महिला सचिव प्रीति सहाय ने कोड. रमा जिला के झुमरी तिलैया नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के बाद भी बेतरतीब ढंग से लगे राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतारा। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सम्मान पूर्वक उतार कर प्रदेश महिला सचिव श्रीमती सहाय ने व्यवस्थित ढंग से सहेज कर आज पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती केसरी देवी के साथ उपायुक्त कार्यालय पर उपस्थित होकर जिले के उपायुक्त महोदय को सम्मान पूर्वक सुपुर्द किया। कहा कि आगामी 15 सितंबर 2022 तक राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर बेतरतीब ढंग से लगे राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतार कर जिले के उपायुक्त को सुपुर्द करना है।मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू कोडरमा नगर पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजू सिंह उपस्थित हुए।

## सेवानिवृत्त चौकीदार व स्थानांतरित एसआई के सम्मान में कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा विदाई समारोह

बरकट्ठा अंचल क्षेत्र के चौकीदार हीरालाल पासवान के सेवानिवृत्त होने व थाना में पदस्थापित पुलिस पदा. धिकारी लोवेश्वर हासदा का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस निरीक्षक अमित कुमार लकड़ा व संचालन चौकीदार संघ के जिला सचिव मुन्नीलाल पा. सवान के द्वारा की गई। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अमित लकड़ा व थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने चौकीदार हीरालाल पासवान के सेवानिवृत्त होने पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व कहा कि लगातार इतने वर्षो तक निर्विवादित कार्य करना व इस उम्र में भी चुस्त दुरुस्त रहना वकाई काबिलेतारीफ है वही उन्होंने आगे भी सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने की बात कही वही स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी लोवेश्वर हंसदा को थाना के कार्यकाल में दिए गए योगदान को स्वर्णिम बताया मौके पर रिटायर चौकीदार हीरालाल पासवान को संघ व थाना परिवार की ओर से अंग वस्त्र समेत डायरी वगैरह देकर विदाई दी गयी । मौके पर पूर्व मुखिया बसन्त साव, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुन्नीलाल पासवान(जिला सचिव), राजेन्द्र पासवान(प्रखंड अध्यक्ष), प्रकाश सिंह, फारूक अंसारी, बाल्मीकि पासवान, बदरी सिंह, राहुल कुमार पासवान, गुलाम शबीर, उसमान मियां, दिनेश पासवान, सुरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, केदार पासवान, बसीर अंसारी, मेहरून खातून, शाबीर अंसारी समेत प्रखण्ड के सभी चौकीदार/दफादार उपस्थित थे ।

## सिरमा घटना को लेकर भाजयुमो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके घटना का निंदा की एवं रक्षाबंधन घटनाक्रम को लेकर विधायक अंबा प्रसाद का पुतला दहन किया गया

### मुख्य आरोपी को 48 घंटे के अंदर में गिरफ्तारी नहीं होती है तो उग्र आंदोलन व थाना का घेराव होगा :–किसलय तिवारी।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सिरमा में 10 अगस्त को फेसबुक में एक वीडियो वायरल को लेकर नाबालिक बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुनम साव के नेतृत्व में बड़कागांव मुख्य चौक मे विधायक अम्बा प्रसाद का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के पश्चात किसलय तिवारी ने नापो गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर विस्तृत रूप से घटना की जानकारी प्राप्त की । इस दौरान प्रेस क०न्फ्रेंस में सिरमा मे बच्ची के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा की गई। किसलय तिवारी ने कहा की यह घटना हजारीबाग के लिए ही नहीं बल्कि झारखंड पूरे देश के लिए शर्मनाक घटना है। सिरमा की घटना में कुछ मुस्लिम समाज के गुंडों ने जो किया हिंदू समाज के साथ किया है, वो घटना निंदनीय घटना है। आगे प्रेस क०न्फ्रेंस में कहा कि विधायक के दबाव में मुख्य आरोपी मुखिया के बेटा वसिम सहित चार आरोपी को बचा रही है। अगर मुख्य आरोपी को 48 घंटा में गिरफ्तार नही किया जाता है तो 48 घंटे के बाद उग्र आंदोलन व थाना के घेराव करेंगे। जिस हद तक पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की जरूरत पड़ेगा उस हद तक काम करने को तैयार हैं। विधायक अंबा प्रसाद तुष्टिकरण कि राजनीति कर रही है। भाजपा नेत्री व सांसद प्रतिनिधि पूनम साव ने कहा कि रक्षाबंधन को मजाक बनाया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। रक्षाबंधन के बहाने बेटियों को पैर छुवाने का काम किया गया है। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, प्रदेश महामंत्री अमित साहू ,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष सोनू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुर्य प्रभात, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता मिठु चौबे,भा. जपा जिला महामंत्री सुनील साहु, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा सह सांसद प्रतिनिधि बड़कागांव विधानसभा पुनम साहु, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री आशीष गुप्ता, अमन कुमार ,बड़कागांव प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष गौतम वर्मा, केरेडारी प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनिल सिंह उर्फ शेर सिंह, शिबू उर्फ शिवशंकर कुमार, अमित कुमार गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति मनीष पाण्डेय,सुमन गिरी,अशोक साव, नन्द किशोर मेहता,दामोदर प्रसाद मेहता,उदय मेहता, रोहित चौरसिया,हिरालाल साव,मुकेश कुमार, महेन्द्र कुमार, प्रहलाद गुप्ता, खिरेन्द्र कुमार गुप्ता, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया उप प्रमुख कार्यालय का उदघाटन

### ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का करूँगी निर्वहन : उप प्रमुख

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड परिसर स्थित उप प्रमुख कार्यालय का विधिवत उदघाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह आदि ने उप प्रमुख प्रिती कुमारी के उपस्थित में किया गया। कार्यालय उदघाटन से पूर्व अतिथियो ने प्रखण्ड परिसर में पौधरोपण किया। उदघाटन समारोह को समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में उपप्रमुख पद की गरिमा को ध्यान में रखकर जनता के जनहित के विकास को राजनीति से ऊपर उठ कार्य करे। कहा की आज नारी शक्ति के बिना कोई काम संभव नही है। उप प्रमुख प्रिती कुमारी ने कहा कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगी। कहा क्षेत्र में सेवा भावना से निस्वार्थ कार्य करना मेरी प्राथमिकता में शामिल होगा। कहा हर व्यक्ति, समाज, समुदाय, वर्ग का विकास कार्य के लिए तत्पर रहूंगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, रामफल सिंह, रेवाली पासवान, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, मुखिया उपेंद्र यादव, कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव, पूर्व उपप्रमुख मो ताहिर, प्रतिनिधि लालेश साहू, दीपक गुप्ता, बैजू गहलोत, खुशबू गुप्ता, बीरबल साहू, विकास गुप्ता, भोला राणा, टुन्नू बर्णवाल, बजरंग केशरी, संतोष केशरी, मतीन खान, राजू पासवान, शमशेर आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चौपारण में आरएसएस का मना 59वां स्थापना दिवस

### धर्मान्तरण से 9 राज्यो में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए है : केंद्रीय सह मंत्री

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



विश्व हिंदू परिषद खंड चौपारण ने ताजपुर स्थित शिव मंदिर में 59वां स्थापना दिवस मनाया। अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदा. धिकारी, केंद्रीय सहमंत्री सह विशेष सहप्रमुख अम्बरीश सिंह, प्रान्त विशेष सहप्रमुख अरविंद सिंह, विभाग मंत्री मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौरक्षा प्रमुख अजय वर्मा, आदि उपस्थित रहे। अतिथियो ने दीप प्रज्वलित व भगवान श्रीराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन विहीप प्रखण्ड मंत्री शेखर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मनोज चंद्रवंशी ने विहीप स्थापना दिवस तथा परिषद स्थापना के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड प्रान्त दृष्टि में चौपारण प्रखंड विहीप (बजरंग दल) एक अति सक्रिय समिति है जिसे 26 पंचायतों की समिति गठन की प्रक्रिया के लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए। केंद्रीय सहमंत्री अम्बरीश ने कहा हिन्दू धर्म एवम अपनी संस्कृति से स्वयं हिन्दू ही विमुख होता जा रहा है, जिसका लाभ लेते हुए विधर्मी आसानी से हिंदुओं का धर्मांतरण कर रहे हैं। लगातार हो रहे धर्मांतरण से झारखंड समेत 9 राज्यों में हिन्दू अल्प संख्यक हो चुका है। अतिथियो को प्रखण्ड सहमंत्री बबलू साव, प्रखण्ड बजरंग दल संयोजक सोनू कुमार, प्रखण्ड सह संयोजक मुनेश्वर कुमार, लोकेश कुमार, सदस्य संतोष गुप्ता तथा संघ खंड सहकार्यवाह के द्वारा भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## ग्रामीणों ने लिया जंगल बचाने का संकल्प

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बैठक में मौजूद ग्रामीण

विष्णुगढ़ प्रखंड के हेठली बोदरा में जंगल को कटने से बचाने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक व संचालन धर्मेन्द्र पाठक ने किया। बैठक में उजड़ रहे जंगल को बचाने के साथ वन भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जा व अवैध निर्माण पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए वन बचाव समिति का गठन किया गया। इसके लिए सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संतोष यादव अध्यक्ष, भोला यादव कोषाध्यक्ष एवं सुनीता देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी का पदेन सचिव फोरेस्टर को बनाया गया। इसके अलावा मूलचंद यादव, बद्री यादव, जयराज सिंह, मेघलाल सिंह, विजय पंडित, राहुल यादव, भतनी देवी, कपूर देवी, जानकी देवी, मीना देवी, गुंजरी देवी आदि को सदस्य बनाया गया। संचालनकर्ता ने कहा कि जंगल और पेड़- पौधों का जीवन में क्या महत्व है यह कोरोना ने पिछले साल बता दिया था। जब कोरोना संक्रमितों की जान अ०क्सीजन के अभाव में जा रही थी। वर्तमान में सुखाड़ भी इसका उदाहरण है। वनरक्षी संजीत कुमार ने कमेटी से अपील किया कि वे जंगल की रखवाली अच्छी तरह से करें। कहा कि जंगल की रक्षा अच्छी तरह से करने पर कमेटी को पांच लाख रुपए तक का पुरस्कार मिल सकता है। पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने बीस साल पूर्व और वर्तमान की जंगल की हालात से लोगों को अवगत कराया। कहा कि 20 साल पूर्व कमेटी की सक्रियता से जंगल का बचाव हुआ था। उस समय पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर जंगल बचाने का संकल्प लिया गया था। कहा कि आज फिर जरूरत है जंगल को बचाने की, ताकि जंगल सुरक्षित रहे। मौके पर वन बचाव समिति सहित ग्रामीणों ने जंगल बचाने का संकल्प भी लिया। बैठक में वनरक्षी हीरामन कुमार सहित ग्रामीणों में वार्ड सदस्य गुल्ली सिंह, कौलेश्वर पासवान, भुनेश्वर यादव, महेंद्र यादव, नीलेश पाठक, कोकिल पंडित, सुंदर यादव, मोहन यादव, जगदीश यादव, कन्हाय यादव, उमेश यादव, अमर पाठक, चंद्रिका यादव, जीबलाल पासवान, घनश्याम सिंह, पूरन पंडित, कारू यादव, नुनूचंद यादव, सूरज यादव आदि मौजूद थे।